डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
Office : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

आवश्यक सूचना

(डिग्री वितरण हेतु ऑनलाईन आवेदन के सम्बन्ध में)

विश्वविद्यालय पत्रांक–सी.ओ.ई.–75, दिनाँक 28.06.2021 द्वारा विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थाओं में संचालित समस्त पाठ्यक्रमों (यू0जी0, पी0जी0, डिप्लोमा) में उत्तीर्ण हुए पात्र विद्यार्थियों में जिनको उपाधि (डिग्री) प्रदान/प्राप्त की जानी है अथवा जिनके द्वारा प्राप्त/प्रदान की गयी डिग्री में संशोधन हेतु प्रार्थना–पत्र प्रेषित किया गया है, उन विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय से यथापेक्षित डिग्री प्राप्त करने हेतु विश्वविद्यालय स्तर पर ऑनलाईन आवेदन दिनाँक 28.07.2021 तक आमंत्रित किये गये थे।

तद्क्रम में एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उपर्युक्तानुसार विश्वविद्यालय की वेबसाईट http://dsmru.up.nic.in पर प्रदर्शित हो रहे लिंक https://govexams.com/dsmnru/degreelogin.aspx के माध्यम से विद्यार्थी अपनी नामांकन संख्या/अनुक्रमांक (Enrollment No./Roll No.) भरकर लॉगिन करते हुए नवीन/संशोधित/विश्वविद्यालय से वितरण हेतु शेष डिग्री हेतु ऑनलाईन आवेदन करने हेतु निर्धारित तिथि को दिनाँक 16.08.2021 विस्तारित किया जाता है। **पूर्व में निर्गत सूचना द्वारा प्रदत्त दिशा–निर्देशों के अनुसार ऑन लाइन डिग्री आवेदन दिनाँक 16.08.2021 तक भरना सुनिश्चित करें।** अतः विद्यार्थियों से समयबद्ध आवेदन अपेक्षित है।

शेष शर्तें एवं व्यवस्थाएं पूर्ववत् रहेंगी।

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक

पत्रांकः COE-192 /DSMNRU/फा0सं0–COE-04/परीक्षा/विविध/2021–22 दिनांकः– 30 जून, 2021

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. मा0 कुलपति महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
3. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
4. अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय।
5. सिस्टम एनॉलिस्ट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
6. सम्बन्धित अधिकारीगण।
7. उपरोक्तानुसार विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान के संबंधित प्राचार्य को इस अनुरोध के साथ कि वे अपने स्तर से भी विद्यार्थियों को तत्काल सूचित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। तथा ऑनलाईन डिग्री आवेदन–पत्र की हार्ड–कापी (वांछित अभिलेखों सहित समस्त औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए) अग्रसारित करते हुए उसको सूचीबद्ध विवरण सहित दिनाँक 19.08.2021 तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें।
8. समस्त नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

30/7/21
(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक